**विरोध** कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग, धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था नहीं सुधरने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

# केन्द्रों में मनमानी से किसानों को हो रही परेशानी

**नवभारत, कटनी।** समर्थन मूल्य धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के साथ की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ कांग्रेस ने हल्ला बोला है। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किसानों के साथ मिलकर ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। विरोध प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला ने कहा कि किसान खाद, बीज, कीटनाशक और डीजल की बेतहाशा बढ़ी कीमतों से पहले ही परेशान है, समर्थन मूल्य में धान खरीदी केन्द्रों में छन्ना और ग्रेडर लगाकर उसकी लागत और बढ़ाई जा रही है, जो पूरी तरह अनुचित और किसान विरोधी कदम है। उन्होने कहा कि जब किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा देना था, तब इसी धान पूरी तरह साफ बताया जा रहा था। तब न कोई छनाई थी, न ग्रेडिंग की जरूरत थी



और न ही कोई कमी निकाली गई। लेकिन आज जब किसानों से धान खरीदी की बारी आई है, तो अचानक धान खराब बताई जा रही है, छन्ना लगाया जा रहा है, ग्रेडर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छनाई और ग्रेडिंग के नाम पर किसानों से पैसा वसूलना गलत है। यह व्यवस्था किसानों को आर्थिक रूप से कमजोर करने की साजिश है। कांग्रेस के किसान नेता राकेश गुड्डू द्विवेदी ने कहा कि छनाई-ग्रेडिंग के नाम पर किसानों से पैसा वसूलना अन्याय है। किसान दिन-रात मेहनत कर फसल उगाता है, लेकिन उपार्जन केंद्रों पर उसे अपमान और शोषण का सामना करना पड़ रहा है। जब मुआवजा देना था तब धान बिल्कुल ठीक थी और आज खरीदी के समय धान को खराब बताकर कटौती की जा रही है। उन्होंने ने कहा कि जिला प्रशासन ने किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया, तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों पर धान तौलाई में अत्यधिक देरी, तौल कांटों और मशीनों की खराबी, बारदाने की कमी, कर्मचारियों की लापरवाही और अव्यवस्थित प्रबंधन के कारण किसान कई-कई दिनों तक केंद्रों पर भटकने को मजबूर हैं। कई किसानों को रात खुले आसमान के नीचे गुजारनी पड़ रही है, जिससे उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बना हुआ है। देरी के कारण धान के खराब होने और नमी बढ़ने से किसानों को सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने सभी धान खरीदी केन्द्रों में तौलाई व्यवस्था तत्काल सुचारु किए जाने, छन्ना-ग्रेडर के नाम पर किसानों से की जा रही वसूली तत्काल बंद करने, पर्याप्त बारदाना व्यवस्था करने, तौल मशीनों को दुरुस्त करने और किसानों को समयबद्ध और पारदर्शी खरीदी की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने चेतावनी देते हुए कहा कि दो दिन के अंदर किसानों की समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, राकेश गुड्डू द्विवेदी, राजेश जाटव, जितेंद्र गुप्ता, नारायण निषाद, अजय कोल, संजय गुप्ता, रमेश अहिरवार, मुन्ना कुशवाहा, रमेश मिश्रा, मुकेश मिश्रा, अशोक मौर्या, वृंदावन पटेल, रोहित पटेल, राजेश तिवारी, रामकरण पटेल, सुग्रीव कोल, विनोद पटेल, दीपक कुशवाहा, संतोष पटेल, शंकर पटेल, विनोद पाल, रामकुमार पटेल, सुनील पटेल, जगदम्बा प्रसाद दुबे, घनश्याम श्रीवास सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



# कलेक्टर ने जरूरतमंदों को दिए कंबल और ऊनी कपड़े

**मोहनिया गांव और शाहपुर के ग्रामीणों को बांटे गए कपड़े**

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने नववर्ष पर गुरुवार को ग्राम मोहनिया और दूरस्थ ग्राम शाहपुर पहुंच कर बुजुर्गों, गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया। इस दौरान कलेक्टर ने हजारों जरूरतमंदों को दोनों गांवों में ठंड से राहत दिलाने के लिए गर्म कंबलों और ऊनी वस्त्रों का वितरण किया। कलेक्टर ने कहा कि जरूरतमंदों तक मदद पहुंचना अत्यंत महत्वपूर्ण है और समाज के हर व्यक्ति को यथासंभव इसमें सहयोग करना चाहिए। चाहे भले ही एक व्यक्ति को ही अपनी क्षमता और हैसियत के अनुसार ठंडी से बचने के लिए गरम कपड़े या कंबल उपलब्ध कराएं। ज़रूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना सभी का सामाजिक दायित्व है। सही मायनों में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना ईश्वर की सेवा के समान है। इस अवसर पर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और निगमायुक्त ने शाहपुर के शक्तिधाम सेवा आश्रम में पहुंच कर पवनपुत्र भगवान श्री हनुमानजी का दर्शन, पूजन का पुण्य लाभ अर्जित किया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, विंकी सिंहमारे उइके, ज्योति लिल्हारे तहसीलदार अजीत तिवारी सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

**एक नजर में**

## 6 महीने तक थाने में हाजिरी देगा आदतन अपराधी

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने हिरवारा थाना एनकेजे कटनी निवासी सोनू बर्मन पिता काशी प्रसाद बर्मन के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। सोनू बर्मन के खिलाफ वर्ष 2012 से अब तक 12 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। जिनमें गाली-गलौज करना, जातिगत शब्दों से अपमानित करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, जुआं और सट्टा खेलने जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा सोनू के खिलाफ कई बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। लेकिन आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। सोनू द्वारा आपराधिक गतिविधियां लगातार जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह तक पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## संयुक्त दल ने किया औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण

**नवभारत, कटनी।** स्थानीय उद्योगपतियों की समस्याओं के निराकरण के लिए संयुक्त निरीक्षक दल द्वारा औद्योगिक क्षेत्र बरगवां का भ्रमण किया गया। इस दल में जिला व्यापार और उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती ज्योति सिंह चौहान और नगर निगम के प्रतिनिधि मौजूद रहे। भ्रमण के दौरान उद्योगपतियों से उनकी समस्याओं जिसमें औद्योगिक क्षेत्र की साफ-सफाई, नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, सड़क मरम्मत कार्य और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला उद्योग संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# ऑपरेशन पैंथर से पिंजरे में कैद हुआ आदमखोर तेंदुआ

**घुनौर गांव के जंगल में तेंदुए ने किया था बच्चे का शिकार**

**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ स्थित ग्राम घुनौर और आसपास के इलाकों में घूम रहे तेंदुए को वन विभाग की टीम ने काफी मश्क्कत करने के बाद गुरूवार को पिंजरे में कैद कर लिया है। तेंदुए ने दस साल के बचचे का शिकार किया था, जिसके बाद से ही वन विभाग की तेंदुए की खोजबीन कर रही थी। 30 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 1 बजे ग्राम घुनौर निवासी राज कोल अपनी बहन के साथ लकड़ी बिनने गया था, तभी घात लगाकर बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और उसे उठाकर झाड़ियों की ओर ले गया। सूचना



मिलते ही वन विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। सघन तलाशी अभियान के बाद झाड़ियों में बच्चे का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ।

इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने तेंदुए को तत्काल पकड़ने की मांग की। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद स्थिति शांत हुई। तेंदुए को पकड़ने के लिए 1 जनवरी 2026 की सुबह से ऑपरेशन पैंथर शुरू किया गया। वन विभाग की टीम ने घुनौर के जंगलों में तेंदुए की गतिविधियों वाले रास्तों को चिह्नित किया और वहां मजबूत पिंजरे लगाए गए। वन विभाग की टीम द्वारा लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ फंस गया। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए का रेस्क्यू ऑपरेशन कर उसे सतना जिले के मुकुंदपुर चिड़ियाघर में छोड़ा दिया है।

# शराब पीकर वाहन चलाने पर काटा चालान, अब तक वसूला 2 करोड़ का जुर्माना

**ड्रिंक एंड ड्राइव पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** जिले में पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक वारदातों में की गई कार्रवाई, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की गई मोटर व्हीकल की कार्रवाई सहित आदतन अपराधियों और लुटेरों, चोरों के खिलाफ की कार्रवाई का वार्षिक ब्यौरा प्रस्तुति किया है। इस ब्यौरे के अनुसार पुलिस विभाग ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत 3929 प्रकरण दर्ज कर 4011 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लगभग 1 करोड़ 58 लाख की मादक सामग्री जब्त की गई। ड्रिंक एंड ड्राइव करने पर पुलिस ने 2105 चालान काट कर



2 करोड़ 10 लाख रूपए का जुर्माना वसूला है। कम्बिंग गश्त के दौरान 14 हजार 384 वारंटियों को पकड़ा गया है। 18 हजार 57 संमंस तामील कराए गए हैं। ऑपरेशन मुस्कान के तहत 333 नाबालिग बालक-बलिकाओं की खोजबीन कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। ओव्हर लोडिगं, बिना सीट बेल्ट, ओवर स्पीड, ब्लैक फिल्म, बिना हेलमेट वाहन चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 25 हजार 818 चालान काटकर 1 करोड़ 89 लाख रूपए का जुर्माना वसूल किया गया है। ऑनलाइन फ्राड की 571 शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 101 बैंकों के लगभग तीन हजार खाते ब्लॉक कर 77 लाख 55 हजार की राशि फ्रीज की गई। फ्राड में संलिप्त 123 सायबर अपराधियों के मोबाइल सिमों को बंद कराया गया है। फर्जी सिम विक्रताओं के दो गिरोह और फर्जी बैंक एकाउंट बनाकर उपयोग करने वाले तीन गिरोहों को गिरफ्तार किया गया है। 50 लाख रूपए कीमत के 475 मोबाइलों की खोजबीन कर उनके मालिकों को वापस किया गया है।

हत्या, दहेज हत्या, प्रताडना, दुष्कर्म, छेड़छाड़ और पॉक्सो के 168 प्रकरणों में 231 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डकैती के दो मामलों का खुलासा कर दो गिरोहों के 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 8 लाख 62 हजार की संपत्ति बरामद की गई। लूट के पांच मामले में पांच गिरोहों का पर्दाफाश कर 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। चोरी के 140 प्रकरण में 256 चोरों को गिरफ्तार किया गया आरोपियों से सोने-चांदी जेवर, नगदी सहित लगभग 2 करोड़ लाख रूपए की सामग्री बरामद की गई है।

# शिविर के माध्यम से जमा कराया गया 9 लाख रूपए का विकास शुल्क

**अवैध कॉलोनियों में कराया जाएगा विकास**

**नवभारत, कटनी।** शहर की अवैध कालोनियों के निवासियों से विकास शुल्क की राशि जमा कराकर सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी विकास कराए जाने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। लगाए जा रहे शिविरों के माध्यम से अब तक 9 लाख रूपए का विकास शुल्क जमा कराया गया है। वार्ड के नागरिकों ने भी शिविर का भरपूर लाभ उठाते हुए 9 लाख 468 रुपए की राशि निगम कोष में जमा कराई गई।




नोडल अधिकारी और प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 3 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में पहरूआ स्कूल के पास आयोजित शिविर में 17 हजार 980 हजार रुपए का विकास शुल्क जमा किया गया। वहीं इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 के शिवाजी नगर, बालाजी नगर में आयोजित शिविरों का नागरिकों द्वारा भरपूर लाभ प्राप्त करते हुए 1 लाख 82 हजार 98 रुपए का विकास शुल्क जमा कराया गया। जबकि राम मनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 5 के अहमद नगर में आयोजित शिविरों में विकास शुल्क के पेटे 6 लाख 56 हजार रुपए जमा किए गए। इसी प्रकार नगर निगम कार्यालय में भी 44 हजार 390 रुपए का विकास शुल्क जमा किया गया। शिविरों के बाद नियमानुसार अवैध कॉलोनियों में विकास किया जाएगा। शिविरों का निरीक्षण नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार द्वारा किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान शिविर प्रभारी उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर चार की मौत

**कटनी-दमोह मार्ग पर रूढ़मूढ़ के पास हुआ हादसा**

**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र के कटनी-दमोह मार्ग में रूढ़मूढ़ के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिसके कारण बाइक सवार तीन लोगों सहित एक बच्ची की मौत हो गई है। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



हादसे के बाद पिकअप चालक फरार हो गया है। पुलिस बताया कि गुरूवार शाम एक बच्ची सहित बाइक सवार तीन लोग एक कटनी से दमोह की ओर जा रहे थे, इसी दौरान दमोह से कटनी की ओर आ रहे टमाटर लोड तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीन लोगों सहित बच्ची की मौत हो गई है। हादसे के बाद चालक वहां से फरार होते हुए रीठी तक आ गया और पिकअप वाहन को सड़क पर खड़ा कर चाबी निकाल खेतों के रास्ते भाग गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की जांच की जा रही है।

# चोरी करने के आरोप में पांच गिरफ्तार, धान बरामद

**बड़वारा थाना क्षेत्र के वेयर हाउस से चोरी की गई थी धान**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना अंतर्गत क्षेत्र से धान चोरी करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 31 दिसंबर 2025 को फरियादी अमित तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 दिसंबर की रात ग्राम अमाड़ी स्थित आरो वेयर हाउस शासकीय धान खरीदी केंद्र से अज्ञात चोरों ने लगभग 40 हजार रूपए कीमत की 42 बोरी धान चोरी कर ली गई है। पुलिस ने



अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू की। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर 4 मुख्य आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इन्होंने चोरी की धान एक अन्य व्यक्ति को बेची थी। पुलिस ने इस मामले में मझगवां गांव निवासी अर्जुन कुशवाहा, प्रेमचंद कुशवाहा लाल गोविंद कुशवाहा, पिंटू सेन, आशीष शर्मा को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की गई धान बरामद कर ली है। साथ ही चोरी में उपयोग किए गए पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया है।

# धान पंजीयन का फर्जी सत्यापन करने वाले पटवारी को किया निलंबित

**शिकायत जांच के बाद की गई कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** किसानों को बिचौलियों, दलालों और व्यापारियों से बचाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में फर्जी धान पंजीयन के सत्यापन से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुए कटनी एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने रीठी तहसील के ग्राम तिघराकला के हल्का नंबर 5 के पटवारी संजय कोल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की यह कार्रवाई तहसीलदार रीठी के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। जनसुनवाई में तहसील रीठी के ग्राम निर्टरा निवासी मीराबाई पति गुलाब सिंह द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि मीरा बाई पति विनोद कुमार के नाम पर पंजीयन कमांक 226424000047 दर्ज है। जिसका कुल पंजीकृत रकबा 19.37 हेक्टेयर है।

पंजीयन में मीरा बाई पति विनोद कुमार के अलावा तहसील रीठी के विभिन्न ग्रामों की मीराबाई नाम की भूमि स्वामियों की जमीने बिना उनकी जानकारी और सहमति के जोड़ी गई थी। हल्का पटवारी संजय कोल द्वारा तहसीलदार की आईडी से धान की फसल का सत्यापन किया गया था। जिसमें ग्राम बूढा पटवारी हल्का नंबर 39 के खसरा नंबर 63, 64, 283/1 रकबा नंबर 2, 0.12, 2 हेक्टेयर का सत्यापन किया गया है। ग्राम गोदाना तहसील रीठी किसान कोड 225422310143 किसान का नाम मुकेश कुमार लोधी द्वारा रकवा 23.03 हेक्टेयर का पंजीयन संबंधित किसान और संबंधित ग्राम के हल्का पटवारी की जानकारी के बिना ही सत्यापित किया गया है। इस कृत्य के लिए हल्का पटवारी संजय कोल को तहसीलदार रीठी द्वारा 3 दिसंबर को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। लेकिन हल्का पटवारी द्वारा कारण बताओं नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। जिससे यह परिलक्षित हुआ कि पटवारी संजय कोल द्वारा जानबूझकर धान पंजीयन का गलत सत्यापन किया गया है। पटवारी संजय द्वारा उपरोक्त किसानों की धान की फसल का सत्यापन संबंधित किसान और संबंधित हल्का पटवारी की जानकारी के बिना किया गया। जिसके बाद कटनी एसडीएम ने हल्का पटवारी संजय कोल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

**खरीदी** समर्थन मूल्य में धान खरीदी में बहोरीबंद क्षेत्र के किसान पहले और कटनी ग्रामीण तहसील के अंतिम स्थान पर

# 38 हजार 469 किसानों से खरीदी गई 3 लाख 20 मीट्रिक टन धान, 390 करोड़ का भुगतान

**नवभारत, कटनी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुए धान उपार्जन में बुधवार 31 दिसंबर तक 38 हजार 469 कृषकों से अब तक 3 लाख 20 हजार 94 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा गया है। जिले में अब तक 58 हजार 677 किसानों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की गई है। 2 लाख 32 हजार 964 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किए गए है। साथ ही अब तक किसानों को उपार्जित धान का 390.29 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया गया है। जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब



तक की स्थिति में 7600 किसानों से 64 हजार 923 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 7212 किसानों से 49 हजार 720 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की गई है। इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 5499 किसानों से 41 हजार 496 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि रीठी तहसील में 4171 कृषकों से 40 हजार 106 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा गई है। विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक की स्थिति में 4609 किसानों से 37 हजार 796 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 3573 किसानों से 32 हजार 111 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। इसके अलावा स्लीमनाबाद तहसील में 2831 किसानों से 25 हजार 990 मीट्रिक टन, कटनी नगर तहसील में 1688 किसानों से 17 हजार 599 मीट्रिक टन और कटनी ग्रामीण तहसील में 1286 किसानों से 10 हजार 354 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल, पन्नी सहित अन्य समस्त आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लिहाजा खरीदी प्रभारियों का नियमों के तहत ही खरीदी कार्य करने के लिए कहा गया है।

# रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना अंतर्गत विलायत कला रेलवे स्टेशन के पास बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि विलायत कला रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा देखकर ड्यूटी पर तैनात रेलवे कर्मचारियों ने तत्काल बड़वारा थाना पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। पुलिस युवक के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। पुलिस आसपास के गांवों और अन्य थानों में मृतक के हुलिए और कपड़ों के आधार पर सूचना भेजकर उसकी पहचान का प्रयास कर रही है। मामले की जांच की जा रही है।

